## सार-समाचार

### महिला व मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) गोविन्द सहाय शुक्ल के मार्गदर्शन में संघटक यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, जोधपुर में विश्व होम्योपैथी सप्ताह पर महिला व मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के लिए आयोजित होम्योपैथी आधारित रील्स प्रतियोगिता से हुई। यूसीएच प्राचार्य प्रो. (डॉ.) गौरव नागर ने बताया कि प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मकता के माध्यम से होम्योपैथी के सिद्धांतों, उपचार पद्धित एवं सामाजिक उपयोगिता को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में नवाचार एवं विषय के प्रति रुचि को प्रोत्साहित किया। इसी क्रम में संजिवनी होम्योपैथिक हॉस्पिटल में विद्यार्थियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। प्रो. (डॉ.) गौरी शर्मा, डॉ. सपना सालोदिया ने बताया कि दैनिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करना एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने में होम्योपैथी की प्रभावी भूमिका को जनसामान्य तक पहुँचाना रहा। विशेषज्ञों ने तनाव, चिंता एवं अवसाद जैसी समस्याओं के प्रति जागरूक करते हुए सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की आवश्यकता पर बल दिया। दोपहर सत्र में एनआईएफटी जोधपुर में मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. निशा सिसोदिया (विभागाध्यक्ष, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग) एवं डॉ. चारुशीला शर्मा (सहायक आचार्य , रिपर्टरी विभाग) ने छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी, स्वच्छता के उचित उपाय एवं इससे संबंधित सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही, महिलाओं के समठा स्वास्थ्य में होम्योपैथिक चिकित्सा की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (डॉ.) गौरी शर्मा ने बताया कि सभी कार्यक्रमों में विद्यार्थियों एवं आमजन की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

### परीक्षा में लेट आने पर नहीं दिया प्रवेश

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से इस साल की सबसे बड़ी परीक्षाओं में शुमार उपनिरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर भर्ती (एसआई भर्ती) परीक्षा आज दूसरे दिन शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। सोमवार को भी परीक्षा दो पारियों सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक तथा द्वितीय सत्र दोपहर 3 बजे से सांय 5 बजे तक में हुई। एसआई भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन भी सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता रहे। ड्रेस कोड का पालन करने वालों को ही प्रवेश दिया गया। जूते-जेवर पहनकर आने वालों से उतरवाए गए। लेट पहुंचने वालों को प्रवेश नहीं दिया गया। एसआई भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। थ्री लेयर चैकिंग के बाद में ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों के भीतर प्रवेश दिया गया। ड्रेस कोड की पालना में परीक्षार्थियों के जूते उतरवाए गए। इसके अलावा महिलाओं के आभूषण खुलवाए गए। हाथों व गले में पहने धागे भी काटे गए। कई अभ्यर्थी पूरी आस्तीन का शर्ट पहनकर परीक्षा देने पहुंचे तो कैंची से उनके शर्ट की आस्तीन काटी गई। परीक्षा केन्द्रों के बाहर कुछ अभ्यर्थी पुलिस वालों से बहस भी करते नजर आए। पहली पारी के लिए सुबह दस बजते ही एंट्री गेट बंद कर दिए गए। इसके बाद में अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा समन्वयक एवं एडीएम प्रथम अंजुम ताहिर सम्मा ने बताया कि एसआई भर्ती परीक्षा का जोधपुर के 111 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजन हुआ। परीक्षा केन्द्रों के करीब 100 मीटर दायरे में इंटरनेट पर पाबंदी रही। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं समन्वित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी निरंतर फील्ड में सक्रिय रहे तथा सभी परीक्षा केन्द्रों पर सघन निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू रहा।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**सांचौर**, (निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदनजी राठौड एवं भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के निर्देशानुसार भाजपा के स्थापना दिवस पर सांचौर नगर के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जालोर के पूर्व जिला प्रमुख डॉ वनेसिंह गोहिल ने बताया कि 1951 में जनसंघ कि स्थापना से लेकर 1980 मे भाजपा की स्थापना तक किस प्रकार पार्टी ने प्रथम देश की भावना से कार्य किया एवं आज इस वट वृक्ष को स्थापित किया। आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड़ ने बताते हुए आगामी कार्यक्रम गांव बस्ती चलो अभियान सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान बुद्धिजीवी एवं गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क करना केंद्र राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धिओ पर व्यापक चर्चा की। शम्भु सिंह राव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के 47 वे स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम 6 अप्रैल से 11 अप्रेल तक चलेंगे। सांचौर नगर अध्यक्ष शंभूसिंह राव अर्जुनसिंह सरवाना सावलाराम माली गंगदाराम चौधरी विधानसभा बीएलओ प्रथम देवराज चौधरी जिला परिषद सदस्य महेन्द्र चौधरी भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाड सिंह राव सांचोर नगर महामंत्री मांगीलाल दर्जी सोहनलाल खत्री वि म बंजारा नगर उपाध्यक्ष लक्ष्मीचंद जीनगर पवनकुमार बोथरा भीखाराम विश्नोई अर्जुनराम माली रमेशकुमार मालू मोडाराम बुनकर हरिया देवी देवासी संजना माहेश्वरी भोमाराम पुरोहित चेनाराम चौधरी अमराराम जाट अमराराम देवासी बंशीलाल खोरवाल भरत शर्मा भारत जीनगै हकमाराम प्रजापत आदि मौजूद रहे।

### अंकित कुमार सिंह ने निरीक्षण किया

**फलोदी**, (निसं)। जिला कलैक्टर अंकित कुमार सिंह सोमवार को बाप उपखंड के दौरे पर रहें। इस दौरान उन्होंने उपखंड कार्यालय बाप,पंचायत समिति बाप, उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए कार्य व्यवस्था जांची। उपखंड कार्यालय व पंचायत समिति बाप के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में किए जा रहे कार्यों की स्थिति जानते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में सफाई व्यवस्था, फाइलों के उचित प्रबंधन,आमजन के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए कहा।उप स्वास्थ्य केंद्र बाप के निरीक्षण दौरान स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न कक्षों की जांच करते हुए साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। दवा वितरण कक्ष की जांच करते हुए दवाईयों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली तथा उचित प्रबंधन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने रजिस्ट्रेशन कक्ष, चिकित्सक कक्ष, टीकाकरण कक्ष ,स्टोर रुम सहित अस्पताल के अन्य कक्षों का निरीक्षण किया।जिला कलक्टर ने प्रभारी चिकित्सक को साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल परिसर में रखी बैड शीटो की नियमित धुलाई व समय पर बदलने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र में प्रयोग में आने वाले संसाधनों का उचित प्रबंधन रखने के निर्देश दिए। इस दौरान ओपीडी, आईपीडी व मौसमी बीमारियो की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर अजय, उपखंड अधिकारी सत्यनारायण विश्नोई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### भजन गायक बबलू व्यास को पितृ शोक

**फलोदी**, (साबीर)। भजन गायक बबलू व्यास के पिता पुरुषोत्तम व्यास उर्फ खेता महाराज का निधन हो जाने से समूचे फलोदी जिले के साथ भजन व सत्संग प्रेमियों में शोक की लहर छा गई। स्व पुरुषोत्तम व्यास उर्फ खेता महाराज स्वयं अपने भजनों से लोगो को मंत्रमुग्ध कर देते थे। दिवंगत खेता महाराज के पुत्र गायक बबलू व्यास ने बताया कि उनके पिता की क्रिया को लेकर बैठक 8 अप्रैल 3 से 5 बजे ब्रह्मबाग फलोदी में रखी है,साथ ही उसी रात को डांगरी रात भजन संध्या 8.15 बजे स्थान एलटीएम कटले के पास यशोदा भवन फलोदी में रखी गई है। गौरतलब है कि भजनों की दुनिया में आज एक तरफा पहचान रखनेवाले बबलू व्यास अपने पिता पुरुषोत्तम व्यास के साथ बचपन से ही सत्संग भजन संध्या में जाया करता था। सीधे शब्दों में कहे तो आज प्रसिद्धि के पायदान पर खडे बबलू को भजनों की राग रागिनी विरासत में मिली है। शोक संतप्त बबलू को बडे नेताओं, कलाकारों व जनप्रतिनिधियों के समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा सांत्वना देने को लेकर बैठक में आने का सिलसिला लगा हुआ है।

### बिठूड़ा में रात्रि चौपाल कल

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे 8 अप्रैल को सायं 7 बजे से आहोर उपखण्ड की बिठूड़ा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल करेंगे। कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ग्रामीणों की समस्याओं को सुनेंगे।

### दिशा समिति की बैठक आज

**जालोर** ,(कासं)। सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा समिति) की बैठक 7 अप्रैल को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट में होगी। जानकारी कलैक्टर ने दी।

# रेल में तस्करी के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने कमर कसी

**जोधपुर**, (कासं)। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (रेलवे)सुष्मित विश्वास ने कहा कि ट्रेन के माध्यम से अफीम, गांजा, एमडी ड्रग्स और शराब की तस्करी में जुटे संगठित तस्करों की कमर तोडऩे के लिए अब नारकोटिक्स विभाग, आबकारी विभाग, राजस्थान पुलिस और आरपीएफ और जीआरपी संयुक्त कार्यवाही करने के लिए कमर कस ली है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जहां बिहार और अन्य प्रदेशों से अफीम और गांजा की तस्करी बढ़ रही है और पंजाब, हरियाणा और राजस्थान से गुजरात में देशी, अंठोजी शराब की तस्करी में इजाफा हो रहा है।

इन तस्कारों ने अब सड़क मार्ग पर नशीले पदार्थों के लिए खिलाफ सक्रिय हुई जांच और सुरक्षा एजेंसियों के चलते उन्होंने रेल्वे का सहारा लेना शुरु कर दिया है, लेकिन जीआरपी और आरपीएफ पुलिस निरंतर कार्रवाई कर रही है, लेकिन कई मामलों में और तस्करों के नेटवर्क से जुड़े मामलों में पुलिस नारकोटिक्स तथा आबकारी विभाग ज्यादा सक्रिय हैं।

इसीलिए आज जोधपुर प्रवास के दौरान उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त बैठक कर रेल मार्ग से बढ़ रही तस्करी रोकने के लिए विचार विमर्श किया। इस बैठक के बाद अतिरिक्त महा निदेशक सुष्मित विश्वास ने प्रेस से मुलाकात की।

एडीजी रेलवे ने कहा कि वर्तमान समय में नशीले पदार्थों की तस्करी के सड़क मार्गों पर सख्ती के बाद तस्करों ने अपना माल गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रेलवे का उपयोग लेना शुरु कर दिया, कई मामलों में तस्कर अफीम, गांजा, एमडी ड्रग्स और शराब साथ लेकर चलते हैं। पकड़े जाने के भय से और कई लोगों ने तो ट्रेन रवाना होती है, वहीं से रेलवे कोच के बाथरूम, पेंट्री कार और लगेज डिब्बे में भी उक्त नशीले पदार्थ छिपा कर भेजने शुरु कर दिये हैं।

ऐसे कई मामले हाल के दिनों में सामने आए हैं। आरपीएफ और जीआरपी पुलिस ने चलती ट्रेन में और यार्ड में खडी ट्रेनों की चैकिंग के दौरान लावारिश हालत में नशीले पदार्थ जब्त भी किए। अब नशे के खिलाफ सरकार की ओर से चलाई जा रही कार्रवाई के मद्देनजर तस्करों ने रेल का रास्ता अपनाया है। इस पर लगाम कसने के लिए सभी विभागों के बीच तालमेल किया जाना शुरु हुआ है जिससे सभी विभाग एक दूसरे को तस्करों की सूचनाएं और आवामन के साधनों का आदान प्रदान करेंगे।

### पाक की नापाक हरकतों को लेकर भी रेलवे सतर्क

उन्होंने बताया कि पड़ोसी देश पाकिस्तान की नापाक हरकतें भी रेलवे रूट को डेमेज करने के लिए कई बार अपने स्थानीय गुर्गों से कार्रवाई करवाती है , जिससे रेलवे की सम्पत्ति को भी नुकसान पहुंचता है ।

इसको रोकने के लिए भी रेलवे ट्रेक की मौनिटरिंग, मेनुअल और आधुनिक यंत्रों से की जा रही है जिसमें कई बार ऐसे घटनाक्रम को रोका भी गया है।

### गुमशुदा के लिए आरपीएफ और जीआरपी सक्रिय

उन्होंने बताया कि मानव तस्करी और गुमशुदगी के मामले में भी रेलवे पुलिस और आरपीएफ पुलिस ने सक्रियता है ।

विशेषकर चूड़ी और बंधेज के काम में बिहार और यूपी व झारखण्ड से गरीब बच्चों को लाकर उनका आर्थिक और शारीरिक शोषण करने के खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है। ट्रेन में निरंतर चैकिंग के दौरान ऐसे कई मामलों में बच्चों और गुमशुदा व्यक्तियों जिसमें विशेषकर नाबालिग, बच्चे, युवतियां, युवक और बुजुर्गों को आधार कार्ड और मिसिंग रिप्लेसमेंट कर गंतव्य तक पहुंचाया गया है।

## नालियों की सफाई नहीं होने पर गंदगी से लोग परेशान

**सायला**, (निसं)। सायला कस्बे के वार्ड संख्या 8 स्थित पुलिस थाने के पास वाली गली नंबर 1 के बाशिन्दों ने सोमवार को उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नाली की सफाई करवाने और नाली पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि गली की नालियों में लंबे समय से पानी भरा हुआ है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह गंदा पानी अब लोगों के मकानों की नींव में उतर रहा है। इससे मकानों के क्षतिग्रस्त होने और गिरने की आशंका बनी हुई है, जिससे वार्डवासियों में भय का माहौल है।

साथ ही बताया कि गली के मुख्य निकास वाली नाली पर कुछ दुकानदारों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। इस कारण सफाई कर्मचारी नाली की सफाई नहीं कर पा रहे हैं। गंदगी और रुके हुए पानी के कारण इलाके में मच्छरों का प्रकोप ब? गया है, जिससे गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर नाली पर किए गए अवैध कब्जों को तुरंत हटाया जाए और नालियों की सुचारू सफाई करवाएं, ताकि आमजन को इस समस्या से निजात मिल सके।

इस दौरान जगदीश सरगरा, यशपाल खत्री, कंचन अग्रवाल, लील देवी, स्वरूपी, कुकीदेवी, हीरादेवी, प्यारी समेत वार्डवासी मौजूद रहे।

## देरी से पहुंची छात्रा रिक्वेस्ट करती रही, लेकिन एंट्री नहीं मिली

**पाली**, (नि.सं.)। एस आई भर्ती रीक्षा में स्कूल सेंटर पर देरी से पहुंची छात्रा रिक्वेस्ट करती रही लेकिन उसे एंट्री नहीं मिली।उसने बताया कि बाइक पर आई हूं सड़क खराब थी इसलिए देर हो गई। वहीं सोमवार को दूसरे दिन एस आई भर्ती परीक्षा को लेकर सख्ती बरती गई। परीक्षार्थियों के बालों की मैटल डिटेक्टर से जांच की।

पहली पारी में पंजीकृत 5759 परीक्षार्थी में से 3844 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे,1915 गैर हाजिर रहे। 66. 75 ने परीक्षा दी। चार-पांच अभ्यर्थी देरी से पहुंचे, उन्होंने अलग-अलग कारण बताएं, जिन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। वे 10 बजे बाद पहुंचे। 60 किलोमीटर दूर खीमेल गांव से तरुण के देरी से पहुंचने पर उसे एंट्री नहीं दी, मनोज नाम के युवक ने बताया कि उसका फॉर्म कट गया था जिस फोटो कॉपी करवाने गया, इसलिए लेट हो गया। जिला मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर से पहुंची साधना नाम की अभ्यर्थी ने बताया कि वह उसके पापा के साथ बाइक पर आई लेकिन सड़क खराब थी, इसलिए लेट पहुंची।

पाली शहर के बांगड स्कूल, महावीर बाल मंदिर बालिया स्कूल केंद्र पर ए एसआई शंकरलाल ने कड़ी सुरक्षा से परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया।

कई युवकों के शर्ट के बटन काटे गए। परीक्षा 18 केंद्रों पर हुई। ठीक 10 बजे परीक्षा केंद्रों के द्वार बंद हो गए। दूसरी पारी 2 से 5 बजे तक हुई परीक्षा के बाद बसों में परीक्षार्थी जाते दिखे।

### नरेगा कार्य की मांग

**पाली**, (नि.सं.)। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष मदन सिंह जागरवाल ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला कलेक्टर, पाली को पत्र व फैक्स भेजकर जिले में मनरेगा (नरेगा) के कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की है।

जागरवाल ने अपने पत्र में बताया कि पाली जिले सहित पाली विधानसभा क्षेत्र में पिछले कई महीनों से नरेगा के कार्य बंद पड़े हैं।

### रामगढ़ में सीमेंट कंपनी को जमीन देने का विरोध

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर के रामगढ़ इलाके में आबादी एरिया की जमीन सीमेंट कंपनी को आवंटित की गई है। तीन महीने से ग्राामीण इस डील का विरोध कर रहे हैं। गांव वाले 90 दिन से धरने पर हैं। प्रशासन की ओर से वार्ता के लिए पहल नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। सोमवार को धरना स्थल पर जुटे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समय रहते मांगों पर विचार नहीं किया गया तो उठा आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि आबादी क्षेत्र के नजदीक सीमेंट फैक्ट्री लगने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ेगा। इलाके में धूल का गुबार रहेगा और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। आमजन का जीवन प्रभावित होगा।

## गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के आहोर विधानसभा क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत से आमजन को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंच रहे उपभोक्ताओं को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है, जिससे क्षेत्र में रोष बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय उपभोक्ताओं के अनुसार उन्हें आखिरी बार 26 फरवरी 2०26 को गैस सिलेंडर मिला था। इसके बाद करीब दो महीने बीत जाने के बावजूद गैस आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है। एजेंसी द्वारा अब 12 अप्रैल 2०26 से बुकिंग शुरू करने की बात कही जा रही है, लेकिन सिलेंडर कब तक मिलेगा, इसको लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही।

इस गंभीर समस्या को लेकर आहोर के कांग्रेस युवा नेता खीमाराम चौधरी (दीगांव) ने आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि आम जनता को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए इस तरह परेशान होना पड रहा है, जो बेहद चिंताजनक है।

उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर गैस आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

गैस की कमी का सबसे ज्यादा असर गृहणियों पर देखने को मिल रहा है। रसोई का काम प्रभावित होने से परिवारों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है। कई घरों में मजबूरी में लकडी, कोयला या अन्य महंगे विकल्पों का सहारा लिया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले इस तरह की समस्याओं पर विरोध प्रदर्शन होते थे, लेकिन अब समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर लोगों में नाराजगी बढती जा रही है।

उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारू किया जाए और एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि आमजन को इस परेशानी से शीघ्र राहत मिल सके।

## तनावड़ा सड़क हादसे को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर शहर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र तनावड़ा-सालावास रोड पर इस्कॉन मंदिर के निकट दो दिन पहले हुए सड़क हादसे को लेकर आज लोगों का गुस्सा फूट। पड़ा व प्रदर्शन किया गया।

सड़क हादसे में दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी। पिकअप के चालक ने बुलेट सवार दो मजदूरों को चपेट में लिया था।

इस घटना को लेकर सोमवार को आस पास के लोग आक्रोशित हो गए और रास्ता जामकर प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस अधिकारियों ने समझाइश कर उन्हें शांत करवाया।

जानकारी के अनुसार सांगरिया फांटा- तनावड़ा के बीच लगातार हो रही सडक़ दुर्घटनाओं और मौतों से आक्रोशित स्थानीय निवासियों व व्यापारियों का सब्र सोमवार को टूट गया। गुस्साए लोगों ने सडक़ के दोनों ओर वाहन खड़े कर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया और व्यापारी व राहगीर सडक़ पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे।

सूचना मिलने पर बासनी पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी पश्चिम छवि शर्मा , बासनी थानाधिकारी नितिन दवे ने लोगों से समझाइश कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया, जिसमें लूणी एसडीएम हंसमुख कुमार और पीडब्ल्यूडी एक्सईएन मोहमद शरीफ शामिल रहे।

### नाला निर्माण के बाद हादसे होने लगे

व्यापार मंडल ने अधिकारियों को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि भैरव नाले के निर्माण के बाद से क्षेत्र में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

सड़क पूरी तरह विकसित नहीं होने, सिंगल रोड होने, जगह-जगह गलत कट, उभरे हुए सीवरेज ढक्कन और बड़े गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। भारी वाहनों और दोपहिया वाहनों की टक्कर से कई लोगों की जान जा चुकी है। इस पर प्रशासन ने जल्द सडक़ निर्माण, दोनों तरफ आवागमन शुरू करने, रोड लाइट चालू करने और बीच में लगे बिजली के पोल हटाने का आश्वासन दिया।

बासनी थानान्तर्गत सांगरिया पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई पप्पाराम ने बताया कि पाल गांव 30 वर्षीय सुमेर चौहान और उसका परिचित माधोपुरा सतलाना निवासी 32 वर्षीय पारसराम पुत्र ओमप्रकाश अपनी बुलेट बाइक लेकर सालावास से बासनी की तरफ आ रहे थे। तब तनावड़ा के पास इस्कान मंदिर के निकट बासनी से सालावास की तरफ जा रही एक पिकअप के चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया।

हादसे में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

### 'संपर्क पोर्टल की परिवेदनाओं का करें निस्तारण'

**जालोर**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। ज़िला कलक्टर ने लाडो प्रोत्साहन योजना, आरडीएसएस योजना, मंगला पशु बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

### ध्वजारोहण किया

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में भाजपा जिला अध्यक्ष सुनिल भंडारी के नेतृत्व में भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक बूथ व कार्यकर्ताओं व पार्टी ध्वज फहराया।

जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, जिला अध्यक्ष सुनिल भंडारी, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, पूर्व नगर सुधार न्यास अध्यक्ष सजय ओझा के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के ध्वज का ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर जिला महामन्त्री दिग्विजयसिंह, देविलाल मेघवाल, मगलाराम देवासी, रामकिशोर साबू, शिवपकाश प्रजापत, गौतम यति, मूलसिह भाटी, मंडल अध्यक्ष सुरेश पंवार अदि मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह की पत्रिका का विमोचन

**जालोर**, (कासं)। राजपुरा सिरोही स्थित श्रीपति धाम नंदन वन के संस्थापक गोविंद वल्लभदास महाराज ने श्रीयादे सेवा संस्थान की ओर से आखातीज 19 अप्रेल को आयोजित तेरहवे सामूहिक विवाह की पत्रिका का विमोचन रविवार रात्रि को शहर के एक निजी होटल में किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित संस्थान के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए सामूहिक विवाह के सफलतापूर्वक सम्पन्नता की कामना की । उन्होंने आज की आर्थिक परिस्थितियो को देखते हुए इस प्रकार के आयोजनो की समाज हित में महती आवश्यकता पर बल दिया । उन्होंने अपनी बात को आगे बढाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से समाज के सभी तबको को आर्थिक संबलता मिलती है। विमोचन के पूर्व सेवा संस्थान अध्यक्ष नरपतलाल आर्य के नेतृत्व में महाराज का फुलमलाओं से अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के सचिव किशोर देवडा व कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाडा सहित ओमप्रकाश आर्य, उत्तम देवडा, हितेश माल , ललित देवडा, डायाराम बडवाल, श्याम देवडा, महेन्द्र मेवाडा, गोकुल देवडा, दिनेश देवडा सहित श्रीपति धाम के कार्यालय प्रभारी हनुमानाराम क्यार उपस्थित थे।

## 'आपणों खेत-आपणी खाद' अभियान

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन के इस दौर में मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और रसायनों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से 'आपणो खेत-आपणी खाद' अभियान का आगाज किया गया है। यह विशेष अभियान दिनांक 6 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक पूरे खण्ड में संचालित किया जाएगा।

कृषि (विस्तार),खण्ड जालोर के अतिरिक्त निदेशक राम लाल जाट ने बताया कि 'आपणो खेत-आपणी खाद' के तहत किसानों को रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर देशी खाद (कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट), हरी खाद और जैव उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। वही मिट्टी के गुणों में सुधार हेतु ढैंचा, ग्वार एवं चंवला जैसी हरी खाद वाली फसलों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए लघु एवं सीमांत तथा अनुसूचित जाति-जनजाति के किसानों को बीज किट वितरित भी किए जाएँगे। इसी प्रकार डीएपी और यूरिया के विकल्प के रूप में एसएसपी और एनपीके उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी जाएगी जिनसे मिट्टी को सल्फर और कैल्शियम जैसे आवश्यक तत्व भी प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर .षक गोष्ठियों, रात्रि चौपालों और प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में .षि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक, .षि सखी, नमो ड्रोन दीदी और प्रगतिशील किसान अपनी सफलता की कहानियाँ साझा करेंगे। किसानों को खेत पर ही बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत और पंचगव्य तैयार करने की विधियों का प्रायोगिक प्रदर्शन भी दिखाया जाएगा। उन्होंने समस्त क्षेत्र के किसानों से अपील की हैं कि वे अपने खेत की मिट्टी की जांच कराएं।

**कार्यालय विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी, पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांक : पंसजा/लेखा/2025/1014 दिनांक : 06/04/2026

**विस्तृत खुली बोली दर संविदा आमंत्रण सूचना 2026-27**

पंचायत समिति कार्यालय में एवं महात्मा गांधी नरेगा योजना में मासिक आधार पर आवश्यकतानुसार चार प्रशिक्षित कम्प्यूटर ऑपरेटर मय सिस्टम (मैन विथ मशीन) एवं अन्य मानव सेवा (वाहन चालक) का दिनांक 31.03.2027 तक मासिक दर अनुबंध करने हेतु बोलीदाता / संवेदकों से मोहरबंद खुली बोली (निविदा) दिनांक 15.04.2026 को सुबह 11.00 बजे तक निम्न प्रकार आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंधित विवरण वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

NIB Code: ZJR2627A0042
UBN No: ZJR2627SSOB00048

(प्रदीप मायला)
विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी / प्रशासक
पंचायत समिति, जालोर

**कार्यालय नगर परिषद जालोर (राज.)**
(अस्पताल चौराहा जोधपुर रोड जालोर-343001)
Tel-02973-222270 E-mail: mbjalore24@yahoo.in

क्रमांक :- नपजा / भूमि नियमन / 2026/177 दिनांक :-6/4/2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् क्षेत्र जालोर में 69 ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया जाकर पट्टे की मांग की गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित प्रार्थना-पत्र मय साक्ष्य आपत्ति सूचना पत्र के प्रकाशन होने के 07 दिवस के भीतर-भीतर नगर परिषद् कार्यालय को प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एंव आवेदक के नाम पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र. सं. | प्रकरण संख्या | आवेदक का नाम/ पता व भूखण्ड का पत्ता | आडौस-पडौस चतुर्थदर्शी क्षै. (वर्गगज) | भूखण्ड का का प्रकार | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 80/ 2026-27 | भीखीदेवी पत्नि मालाराम माली मानपुरा कॉलोनी किसान छात्रावास जालोर | उत्तर- जलदाय विभाग की दिवार दक्षिण-थानाराम माली का मकान पूर्व - रास्ता 25 फिट पश्चिम- अन्य भूमि | 709.50 | आवासीय |

आयुक्त, नगर परिषद जालोर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सांकरणा, पं. स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक / ग्रापं / 2026-27/3 दिनांक : 06-04-2026

**निविदा सूचना संख्या 01/2026-27**

ग्राम पंचायत सांकरणा द्वारा कुल 1 कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधान विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन भरी जावेगी। निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

NIB No.: ZJR2627A0040
UBN No.: ZJR2627W50B00046

प्रशासक ग्राम पंचायत सांकरणा पंचायत समिति, जालोर
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सांकरणा पंचायत समिति, जालोर

**कार्यालय नगरपालिका, सांचौर (राज.)**
(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक / न.पा.मं.सां. / 2026 / 07 दिनांक :- 01.04.2026

**-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-**

सर्व साधारण एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि पालिका परिक्षेत्र मे विलेख, वसीयत, हकत्याग, उत्तराधिकारी, गिफ्टडीड आदि से खरीदसुदा के नामान्तरण प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विस्तृत विवरण नीचे अंकित है। इसमें वर्णित सम्पतियों के नामान्तरण प्रमाण पत्र में किसी व्यक्ति विशेश को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति मय ठोस दस्तावेज सहित इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 7 दिवस में इस कार्यालय मे आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। तथा सम्पत्ति आवेदनकर्ता के नाम नामान्तरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | स्थल जहां सम्पत्ति है | पत्रावली संख्या | पत्रावली का प्रकार | पट्टा संख्या / वर्ष | भू. सं. | कुल रकबा (वर्गगज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मानसिंगाराम पुत्र श्री देवाराम जाति कलबी | पुराना सागर हॉस्पीटल थराद रोड सांचौर | 87/2026 | नामान्तरण | 23/2005 758/1998 | 1 | 230 |
| 2 | १. श्री मानसिंगाराम पुत्र श्री देवाराम २. श्रीमती देमा पत्नी श्री मानसिंगाराम ३. श्री माधाभाई पुत्र श्री भीखाभाई जातियान कलबी | पुराना भंसाली हॉस्पीटल थराद रोड सांचौर | 88/2026 | नामान्तरण | 43/2001 | - | 7389.66 |
| 3 | सुश्री सविता कुमारी पुत्री श्री लखमाराम जाति कलबी | श्री नाथ नगर कॉलोनी मौखुपुरा सांचौर | 89/2026 | नामान्तरण | 4500/2019 | 26 | 125.55 |
| 4 | श्रीमती विमला पत्नी श्री ओमाराम जाति माली | मुम्मा देवी टाउनशीप सांचौर | 90/2026 | नामान्तरण | 810/2010 | 229 | 111.11 |
| 5 | श्रीमती विमला पत्नी श्री ओमाराम जाति माली | मुम्मा देवी टाउनशीप सांचौर | 91/2026 | नामान्तरण | 809/2010 | 228 | 111.11 |
| 6 | श्रीमती लीला देवी पत्नी श्री हितेश कुमार जाति पुरोहित | मुम्मा देवी टाउनशीप सांचौर | 92/2026 | नामान्तरण | 809/2010 810/2010 | 228 229 | 111.11 |
| 7 | श्रीमती लीला देवी पत्नी श्री हितेश कुमार जाति पुरोहित | मुम्मा देवी टाउनशीप सांचौर | 93/2026 | नामान्तरण | 811/2010 | 230 | 150.69 |
| 8 | श्री मीठालाल पुत्र पारसमल जाति कलाल | रोनक पार्क, प्रतापपुरा माईनर के पास, मौखुपुरा सांचौर | 94/2026 | नामान्तरण | 2925/2016 | 34 | 166.66 |
| 9 | श्रीमती रिंकु देवी पत्नी श्री दशरथ कुमार जाति माहेश्वरी | चन्दन नगर कॉलोनी मौखुपुरा सांचौर | 95/2026 | नामान्तरण | 607/2010 | 83 | 167.28 |
| 10 | श्रीमती मनिता पत्नी श्री कैलाश कुमार जाति माहेश्वरी | चन्दन नगर कॉलोनी मौखुपुरा सांचौर | 96/2026 | नामान्तरण | 606/2010 | 82 | 167.28 |
| 11 | श्री अशोक कुमार पुत्र श्री कस्तुरचन्द जाति माहेश्वरी | चन्दन नगर कॉलोनी मौखुपुरा सांचौर | 97/2026 | नामान्तरण | 605/2010 | 81 | 167.28 |

राज.संवाद / सी / 25 / 290 अधिशाषी अधिकारी